हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–86 : जौनपुर, गुरुवार 19 मई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## अवैध स्टैंड वालों पर गैंगस्टर लगाएं : सभी माफिया की कमर तोड़ें – सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर में सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। कहा कि अवैध स्टैंड चलाने वाले ठेकेदारों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई की जाए। सड़कों से अवैध स्टैंड 24 घंटे के अंदर हटाए जाएं। हर एक माफिया की कमर तोड़ दी जाए। मुख्यमंत्री बुधवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत फील्ड के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर रहे थे। उन्होंने बृहस्पतिवार से सड़क सुरक्षा के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। कहा कि आरटीओ कार्यालय दलालों से मुक्त हो और ड्राइविंग लाइसेंस केवल योग्य व प्रशिक्षित लोगों को मिले। बिना टेस्ट पास किए किसी को ड्राइविंग लाइसेंस न दिया जाए। तय स्थान पर ही लगें पटरी दुकानें मुख्यमंत्री ने कहा कि हादसे रोकने के लिए सड़कों से अतिक्रमण को हटाना होगा। पटरी व्यवसायियों के स्थान का चिह्नांकन करते हुए सुनिश्चित करें कि कोई तय स्थान के बाहर दुकान न लगाए। नगरों में पार्किंग की व्यवस्था को और बेहतर की जाए। अनफिट स्कूली वाहनों पर रोक लगे गाजियाबाद स्कूल बस हादसे का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने अनफिट व बिना परमिट वाले वाहनों को हर हाल में रोकने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि अनेक अवैध, डग्गामार बसें प्रदेश की सीमा से होकर अन्य राज्यों की ओर जा रही हैं। ये ओवरलोड और जर्जर होती हैं। परिवहन विभाग इनके संचालन पर अंकुश लगाए। ओवरब्रिज स्टंटबाजी की जगह नहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क, ओवरब्रिज स्टंट की जगह नहीं है। ऐसी अराजकता पर सख्ती से लगाम लगाई जाए। हेलमेट, सीटबेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से लागू किया जाए। कमर तोड़ू न बनाएं स्पीड ब्रेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्पीड ब्रेकर टेबल टॉप हो न कि कमर तोड़ने वाला। बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं, मरीजों को इससे



परेशानी न हो। खराब डिजाइन की वजह से लोग स्पीड ब्रेकर के किनारे से वाहन निकालते हैं, जिससे दुर्घटना भी होती है। अवैध टैक्सी संचालन के लिए स्थानीय प्रशासन जिम्मेदार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर अफसरों को भी चेतावनी दी। कहा कि शहरों में अवैध टैक्सी संचालन को लेकर स्थानीय प्रशासन की जवाबदेही तय की जाए। टैक्सी स्टैंड का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो स्थानीय प्रशासन के लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि हाईवे व एक्सप्रेसवे पर ब्लैक स्पॉट के सुधारीकरण, स्पीड मापन, त्वरित चिकित्सा सुविधा, सीसीटीवी की व्यवस्था को और बेहतर करने की जरूरत बताई। हाईवे पर ट्रकों की कतारें न लगें। यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि माफि या प्रवृत्ति के किसी व्यक्ति को किसी ठेके पट्टे के साथ न जुड़ने दे। एक भी माफिया जुड़ेगा तो उसका पूरा गैंग वहां पर अनैतिक व अवैध गतिविधियों का अड्डा बना देगा। सामूहिक प्रयास से रुकेंगे सड़क हादसे मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है। इसके लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। इसके लिए अंतर्विभागीय समन्वय के साथ बड़े पैमाने पर अभियान चलाने की जरूरत है। अभियान को दो चरणों में चलाया जाए। पहले चरण में बृहस्पतिवार से पांच दिन जागरूकता पर जोर दिया जाए। उसके बाद नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रत्येक वाहन का चालान कराया जाए।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने जिला कमेटी का किया पुनर्गठन

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि जनपद की भंग जिला कमेटी का पुनर्गठन किया गया है तथा महिला जिलाध्यक्ष पद पर मिलन श्रीवास्तव व युवा अध्यक्ष पद पर अभिषेक श्रीवास्तव उर्फ सोनू को नियुक्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव ने कुछ दिन पूर्व जिला कमेटी को भंग कर दिया था इसके पश्चात जिला अध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव ने शीर्ष नेतृत्व से विचार विमर्श करने के पश्चात अपने जिले की कमेटी का पुनर्गठन किया है जिसमें निम्नलिखित कायस्थ बंधुओं को शामिल किया गया है। संरक्षक मंडल में डॉ मनमोहन श्रीवास्तव ,संतोष श्रीवास्तव एडवोकेट, डॉ रजनीश श्रीवास्तव, बजरंग प्रसाद श्रीवास्तव एडवोकेट, आनंद मोहन श्रीवास्तव ,यस सी लाल श्रीवास्तव, कैप्टन गिरीश चंद श्रीवास्तव ,उमाकांत श्रीवास्तव प्रधानाचार्य, कुंवर बहादुर श्रीवास्तव प्रधानाचार्य ,राज कपूर श्रीवास्तव एडवोकेट, दिलीप श्रीवास्तव, रघुवंश सहाय को व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर उमेश चंद्र श्रीवास्तव व उपाध्यक्ष पद पर भानु प्रताप श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव एडवोकेट, हरीश चंद्र श्रीवास्तव, विनोद पंकज श्रीवास्तव एडवोकेट, मोहन शंकर श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, सौरभ वर्मा एडवोकेट ,मनीष श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव को तथा जिला महासचिव संगठन के पद पर अमित श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष पद पर सौरभ श्रीवास्तव,व जिला सचिव पद पर सुनील श्रीवास्तव, रजनीश श्रीवास्तव, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव ,राजीव कुमार श्रीवास्तव, आशुतोष श्रीवास्तव, संतोष निगम, बृजेश कुमार श्रीवास्तव ,आदि कायस्थ बंधुओं को नियुक्त किया गया है इन लोगों की नियुक्ति की सूचना पर राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव , प्रदेश अध्यक्ष डॉ इन्द्रसेन श्रीवास्तव , प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव साधू, प्रदेश सचिव श्रीकांत श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव मनीष श्रीवास्तव, आदि लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त किया नवनिर्वाचित जिला महासचिव सुरेश कुमार अस्थाना ने बताया कि शीघ्र ही पूरे जनपद में और भी कायस्थ बंधुओं को तथा तहसील स्तर पर कार्य करने हेतु जोड़ा जाएगा।

## निर्माणाधीन डिस्कवरी लैब का निरीक्षण करने ताहिरपुर पहुंचे जिलाधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर में बन रहे निर्माणाधीन डिस्कवरी लैब का निरीक्षण किया। लैब के निर्माण कार्य की सराहना करते हुए लैब रखे गए मशीनों का विधिवत निरीक्षण कर उनके विषय मे जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विज्ञान का प्रचार–प्रसार प्राथमिक स्तर से होना बहुत ही आवश्यक है। इसलिए बच्चो को तारों और ग्रहों के यथार्थ को जानने के उद्देश्य से डिस्कवरी लैब तैयार कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चे टेलीस्कोप, सूक्ष्मदर्शी, ग्लोब, तारामंडल की संरचना, ग्लाइडर आदि के जरिये तारो और ग्रह नक्षत्रों की जानकारी ले सकेंगे। मौके पर मौजूद बीडीओ अनिल सिंह व बीईओ राजीव कुमार यादव को निर्देशित किया कि लैब निर्माण में कही से भी कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि ऐसा ही लैब हर न्याय पंचायत में एक होना चाहिए। लैब निरीक्षण के बाद वे सीधे कक्षा चार के क्लासरूम में पहुंचे। उन्होंने बच्चों से हिंदी व अंग्रेजी में कविता पूछा तो बच्चों ने बेबाकी से



उनको कविता सुनाया। कक्ष की दीवाल पर बनाये वैज्ञानिक पोस्टर के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह, एआरपी सुशील उपाध्याय, अनुपम श्रीवास्तव, प्रधान पति जयशंकर यादव, सचिव अरुण यादव, शिवम सिंह, राकेश सिंह, दिनेश कुमार, श्यामधर यादव, मुकेश दुबे व मनोज जायसवाल आदि प्रमुख रहे।

## कृषि वैज्ञानिक पद पर हुआ डा. हिमांशु राय का चयन : बधाई देने वालों का लगा तांता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धर्मापुर विकास खंड अन्तर्गत सरैंया गांव निवासी डा. हिमांशु राय का चयन कृषि वैज्ञानिक ( विषय वस्तु विशेषज्ञ ) के रुप में कृषि विज्ञान केन्द्र पिलखी जनपद मऊ में होने पर परिजनों सहित क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई , श्री राय के आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया । डा. हिमांशु राय के पिता अशोक कुमार राय ने बताया कि उनका बेटा बचपन से ही पढ़ने लिखने में होशियार था, उसके विषय वस्तु विशेषज्ञ के रुप में चयन होने पर परिजनों सहित श्रेत्रीय लोगों में भी खुशी का माहौल है । डा. हिमांशु ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता , गुरुजनों सहित अपने सहपाठियों को देते हुए कहा कि लगातार मेहनत , ईमानदारी व एकाग्रता से किये गये कार्य का परिणाम बेहतर होता है । सफलता देर सबेर जरुर मिलती है , कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता । बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक जफराबाद जगदीश नारायण राय, डा. देवरुप तिवारी अवकाश प्राप्त प्राचार्य गांधी स्मारक त्रिवेणी पीजी कॉलेज



बरदह आजमगढ़, धनश्याम राय, उद्योगपति सत्यजीत राय, डा. सुरेश चन्द्र राय, वरिष्ठ अधिवक्ता दिवाकर राय , विनोद राय प्रधानाचार्य ग्रामोदय इण्टर कालेज गौराबादशाहपुर, शिक्षक नेता रमेश सिंह, उद्योगपति सच्चिदानन्द राय मुन्ना, पत्रकार विद्याधर राय विद्यार्थी, प्रवीण, अभिषेक, नवीन, मनोज, आशिष आदि रहे।

## सुपुर्दगी में दिया गया हाथी गायब : वन क्षेत्रीय अधिकारी ने दर्ज करवाया 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर थाने में गायब होने का मुकदमा दर्ज किया गया है। वन क्षेत्राधिकारी बरसठी रेंज लाल जी ने मछली शहर कोतवाली में एक गांव निवासी मंगल सिंह राम प्रताप सिंह राम प्रकाश सिंह रामजी सिंह को घुमंतू हाथी को सौंपा था। कथित रूप से इनको मालिक भी मान लिया था। विजय 10 फरवरी को विगत 10 फरवरी को हाथी पौहा गांव निवासी उपरोक्त लोगों को सौंपी गई थी। शर्त थी कि जब कोई अधिकारी बुलाएगा तो हाथी समेत हाजिर होना पड़ेगा,लेकिन पिछले 9 मई से हाथी कहीं दिखाई नहीं पड़ रही थी। जब इस बात की जानकारी वन क्षेत्राधिकारी बरसठी को हुई तो उन्होंने संबंधित लोगों से पूछताछ किया। वह लोग हाथी के बारे में कुछ भी नहीं बता पाए उसके बाद बंद क्षेत्राधिकारी मछली शहर थाने में उपरोक्त लोगों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा दर्ज कराने से उपरोक्त लोगों में हड़कंप बचा हुआ है इधर हाथी कहां गया है इस बात को किसी की जानकारी नहीं है। कोतवाल मछलीशहर का कहना है कि मामला गंभीर है मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मामले की जांच की जा रही है।

## तिलक का भोजन कर तीन दर्जन से अधिक बीमार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय थाना क्षेत्र के जरौना (नरवापर) में बुधवार को तिलक का भोजन कर घराती समेत 3 दर्जन से अधिक बीमार हो गए।अचानक बीमार हो रहे लोगों को देख मौके पर अफरा तफरी मच गई। बीमार लोगों को उपचार के लिए मीरगंज बाजार व सुरियावां स्थित निजी चिकित्सकों के यहां ले जाया गया। दर्जनों लोगों को ग्लूकोज चढा कर ठीक कर लिया गया। जिनमे अब भी एक दर्जन से अधिक लोगों का उपचार दूसरे दिन भी चल रहा है। क्षेत्र के जरौना नरवापर निवासी रंजीत कुमार के घर बरसठी थाना क्षेत्र के गहली गांव निवासी रामधनी तिलक लेकर आये थे। जल जलपान के बाद तिलक की रस्म पूरी की गई। इसके बाद भोजन कराया गया। भीषण गर्मी के चलते भोजन विशाख्त हो गया। लोगों को उल्टी दस्त पेट पीड़ा चालू हो गई। यह देख तिलकहरू समेत घरातियों में अफरा तफरी मच गई। बीमार लोगों का निजी चिकित्सकों के द्वारा उपचार शुरू करा दिया गया। जिनमे कई लोग देर शाम तक ठीक हो गए। जबकि कई लोगों का उपचार दूसरे दिन भी चल रहा है। बीमार हुए लोगों में आँचल 8 वर्ष, प्रिया 11 वर्ष, काजल 11 वर्ष, सतीश 22 वर्ष, आलोक 6 वर्ष, आकाश 7 वर्ष, कुंदन 23 वर्ष, सत्यप्रकाश 20 वर्ष, प्रदीप 23 वर्ष समेत दर्जनों लोग स्वस्थ हो देर शाम घर आ गए जबकि उपचार करा रहे लोगों में शिवा 9 वर्ष पुत्र मनोज कुमार, गोलू उर्फ अतुल 12 वर्ष पुत्र अशोक कुमार, आयुष 8 वर्ष पुत्र संतोष कुमार, अंकुश 10 वर्ष पुत्र छोटेलाल, सीमा 8 वर्ष पुत्री छोटेलाल आदि दर्जनों का उपचार दूसरे दिन भी चल रहा है।

## पुलिस लाइन सभागार में जनपद के व्यापारियों के साथ गोष्ठी का आयोजन कर दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक 19.05.2022 को डा0 संजय कुमार,अपर पुलिस अधीक्षक नगर के द्वारा पुलिस लाइन सभागार में जनपद के विभिन्न व्यापार मंडल, व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों की गोष्ठी की गयी। गोष्ठी के दौरान व्यापारी बंधु सम्मिलित हुए जिनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई और उनकी सुरक्षा से संबंधित समस्त पहलुओं की समीक्षा कर निराकरण करने एवं सम्पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन देते हुए अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे विभिन्न अभियानों के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से व्यापारियो को अपने–अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, आपसी सहयोग से मार्केट में सुरक्षा गार्ड/चौकीदार रखने, व्यापारिक कार्यों के दौरान कैश के परिवहन करने से पूर्व पुलिस को सूचित करने आदि के संबंध में अवगत कराया गया। यातायात के सुचारू रूप से संचालन एवं जाम की समस्या के निराकरण हेतु समस्त व्यापारियों से सड़क पर अतिक्रमण न करके अपने–अपने प्रतिष्ठान के अंदर ही व्यापार करने हेतु भी निर्देशित



किया गया। गोष्ठी के दौरान व्यापारीगण द्वारा बताये गये अन्य बिन्दुओ को संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु आश्वस्त किया गया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## चलते ऑटो से कूदा अवसाद ग्रस्त युवक : ट्रक के नीचे आने से हुई मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के विथार गांव के पास जौनपुर आजमगढ़ हाईवे पर चलती ऑटो से एक अवसाद ग्रस्त युवक कूद गया और पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया। ट्रक चालक फिलहाल मौके से फरार होने में सफल रहा। बता दें कि लाइन बाजार थाना क्षेत्र के पचहटिया गांव निवासी राजकुमार 32 पुत्र लोरिक जो कि अवसाद ग्रस्त था को घर की महिलाएं किसी चिकित्सक को दिखाने के लिए गौराबादशाहपुर लेकर आ रही थी। बिथार गांव के पास उक्त युवक अचानक चलती ऑटो से कूद गया, तथा पीछे से आ रहे ट्रक के पहिए के नीचे आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवा दिया और ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। इस संदर्भ में पूछे जाने पर प्रभारी थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर लाल बहादुर सिंह ने बताया कि उक्त युवक अवसाद ग्रस्त था। साथ जा रही महिलाओं के मुताबिक उसे किसी चिकित्सक के यहां दिखाने ले जा रहे थे। यदि परिजनों द्वारा तहरीर दी जाती है तो अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय मछलीशहर कोतवाली के जीरकपुर गांव में एक राष्ट्रीय पक्षी मृतक पाया गया। जिसकी सूचना विश्व हिंदू परिषद गोरक्षा विभाग के प्रांत संयोजक पवन मिश्रा को हुई तो उन्होंने जिला अध्यक्ष उमेश चंद्र मिश्रा और सुशील पांडे को भेजा तो उन लोगों ने गांव में जाकर गांव के ही अनुज पांडे दुर्गेश उपाध्याय आदि के साथ मिलकर राष्ट्रीय पक्षी का अंतिम संस्कार किया। बुधवार को हमले में राष्ट्रीय पक्षी मोर घायल हो गया था। उपरोक्त लोगों ने इलाज करवाया लेकिन वह बच नहीं पाया पूरे सम्मान के साथ इसका संस्कार कर दिया गया।

## गुणवत्ता पूर्ण सड़क न बनने पर उद्यमियों ने जताया असंतोष

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों की मरम्मत का काम चल रहा है। इसका गुरूवार को आई आई ए के पदाधिकारियों और उद्यमियों द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान कार्यदाई संस्था द्वारा कराये जा रहे सड़क मरम्मत कार्यों पर उद्यमियों द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया है। आरोप है कि सड़क की क्वालिटी बहुत खराब है। जिसपर पहले ही बारिश में सड़क उखड़ जाने की आशंका जताई है,बनाई गई सड़क नाली से नीची है बरसात में पानी रूकेगा और सड़के टूटेंगे। जिला प्रशासन से गुणवत्तापूर्ण सड़क की मरम्मत कार्य करवाने की मांग की है। मुख्य रूप से आई आई ए के अध्यक्ष बृजेश यादव उपाध्यक्ष आशीष यादव,उपाध्यक्ष मोहम्मद सोहेल, कोषाध्यक्ष शत्रुध्न मौर्या,सचिव अरविंद मौर्य,हर्षित सिंह,प्रदीप यादव व सूरज मिश्रा व अन्य उद्यमी उपस्थित रहे।

### नही रहे पूर्व सभासद व धर्माचार्य गंगा प्रसाद पाण्डेय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर मोहल्ला कटरा निवासी पूर्व सभासद व धर्माचार्य गंगा प्रसाद पाण्डेय 80 वर्ष का प्रयागराज में इलाज के दौरान बुधवार को निधन हो गया। उनका शव वहां से देर शाम को मुंगराबादशाहपुर आवास पर ले आया गया। जहां पर लोग अपने प्रिय धर्माचार्य जी का अंतिम दर्शन किए और श्रद्धांजलि दी। उनके घर पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए लोगों का तांता लग गया। लोग शव पर पुष्प अर्पित कर उनकी अंतिम विदाई की। मुख्य रूप से सभासद आलोक कुमार गुप्त पिन्टू,गणेश कुमार गुप्त,धमेन्द्र सिंह, सिद्धार्थ त्रिपाठी, चन्द्र शेखर शुक्ला, भगौती कसौधन,रमेश पाण्डेय आदि रहे।

## दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के बटाऊबीर चौराहे से बुधवार की सुबह पुलिस ने दुराचार के एक आरोपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की बेलावा गांव निवासी दुराचार का आरोपी सुरेंद्र चौहान पुत्र मेवालाल बटाऊबीर चौराहे पर कहीं भागने की फिराक में खड़ा है। प्रभारी निरीक्षक मयफोर्स मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी का चालन न्यायालय भेज दिया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

**अच्छा वक्त उसी का होता है जो किसी का बुरा नहीं सोचते।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

# स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही मृत बच्ची को ठेले पर ले गए माता पिता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एक तरफ जहां प्रदेश योगी सरकार गरीबों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा निशुल्क सुविधाएं प्रदान करने की कोशिश कर रही है तो वही जनपद में इसका ठीक उलटा असर दिखाई पड़ रहा है। मामला बुधवार को अमर शहीद उमानाथ सिंह जिला चिकित्सालय का है।जहां एक दिल दहला देने वाला मंजर देखने को मिला एक मजबूर माँ अपनी मासूम गुड़िया जैसी बच्ची को गंभीर अवस्था में आनन फानन ठेले पर लादकर जिला अस्पताल पहुची जहाँ चिकित्सक द्वारा इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गयी। करुणा विलाप करती हुई मृत बच्ची के माता पिता उसी ठेले पर पुनः शव लादकर अपने घर को निकल गए। बड़ा सवाल ये उठता है जिला अस्पताल में तैनात स्वास्थ्य विभाग की सेवा में लगे एंबुलेंस उस गरीब तक क्यों नहीं पहुंच सके और उसे जिला अस्पताल से एंबुलेंस द्वारा घर क्यों नहीं भेजा गया। लाइनबाजार थाना क्षेत्र के मातापुर निवासी रेखा देवी पत्नी सुरेश कुमार पटेल कड़ी धूप अपने कलेजे के टुकड़े सात माह की मासूम बच्ची नीतू को सांस की परेशानी के कारण गंभीर अवस्था में इलाज हेतु अपने पति सुरेश के ठेले पर लादकर पहुँची अस्पताल जहाँ उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सक द्वारा उक्त बच्ची का प्राथमिक उपचार किया गया।जिसके बाद उक्त बच्ची की गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सक द्वारा उसे वाराणसी रेफर करते तब तक मासूम बच्ची ने दम तोड़ दिया।बच्ची की मौत के बाद बदहवास माँ बाप अपनी मृत बच्ची के शव को उसी ठेले पर लादकर गए विलाप करते हुए अपने घर को चले गए। वहीं इस मामले में जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह ने बताया कि 8 माह की बच्ची



को सांस लेने में तकलीफ थी जिसे लेकर उसके अस्पताल में उसकी मां पहुंची थी डॉक्टर इलाज करते कि इसके पहले उसकी मौत हो गई है इस मामले में टीम गठित करके जांच कराई जा रही है जो भी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौत के बाद बच्ची को एंबुलेंस न मिलने पर उन्होंने कहा कि इसकी भी जांच कराई जाएगी एंबुलेंस होने के बाद किन परिस्थितियों में नहीं मिला जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी डॉक्टर को यह बताना चाहिए था कि बच्ची की डेथ के बाद उन्हें सर्टिफिकेट लेकर ही जाना चाहिए था जिन्हें इस में लापरवाही की है। इस संबंध में हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि ठेले पर शव ले जाने का मामला सामने आया था जिसकी जांच करने हम आए हैं शव वाहन के बारे में सीएमएस से चर्चा की गई। अस्पताल में कुछ कमियां मिली है इसको हम जिलाधिकारी को अवगत कराएंगे ।साथ ही इस मामले में जो लोग दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एक तरफ पूरे प्रदेश भर के स्वास्थ्य विभाग व अस्पतालों में स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक द्वारा साधारण व्यक्ति के रुप में औचक निरीक्षण किया जा रहा हैं वही दूसरी तरफ जनपद के जिला अस्पताल से जो तस्वीर उभर कर सामने आई हैं उसे देखने के बाद प्रदेश सरकार के सभी मंसूबों पर पानी फिरता दिखाई दे रहा हैं।

## आतंकवाद मानवता के लिए बड़ा खतरा –मेजर डॉ रमेश मणि त्रिपाठी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आतंकवाद निरोधक दिवस के अवसर पर कुटीर पी जी कॉलेज चक्के जौनपुर में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का विषय 'आतंकवाद विरोध एवं राष्ट्रवाद' था।कार्यक्रम में अनेक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ अमरेश कुमार,डॉ विनय कुमार पाठक ने आतंकवाद व उसके अनेक रूपों पर प्रकाश डाला ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ रमेश मणि त्रिपाठी ने आतंकवाद को समाप्त करने में शिक्षा की भूमिका का उल्लेख किया तथा विद्यार्थियों से आह्वान किया कि इसके प्रत्येक रूप की पहचान करके निंदा करते रहें।ताकि कभी भी ऐसी सोच को बढ़ावा न मिले। इस अवसर पर भूगोल




विभागाध्यक्ष डॉ राघवेंद्र पाण्डेय,शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष श्रीमती पूनम सिंह व बीए, बीएससी के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन डॉ अनुज कुमार शुक्ल ने किया।

## कल्याणी जन सेवा समिति द्वारा चलाया जा रहा प्याऊ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सामाजिक एवं रचनात्मकता संस्था कल्याणी जन सेवा समिति द्वारा पॉलिटेक्निक चौराहा स्थित मड़ियाहू पड़ाव पर निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया।प्याऊ का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरविंद कुमार शुक्ला जिला अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर के द्वारा किया गया।इस अवसर पर उन्होनें कहा यह बहुत ही पुनीत कार्य है। गर्मी के दिनों में राहगीरों को पीने के लिए पानी का संचनालन समिति द्वारा नेक कदम है इस तरह का कार्य अन्य सामाजिक लोगो को भी करना चाहिये।इस अवसर पर समिति के प्रबंधक व सचिव श्रीमती जयमाला प्रखर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।उन्होंने लोगो से समिति के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सहयोग करने के लिए अपीलकिया। समिति के संस्थापक डॉ



नंद कुमार मौर्य ने सभी आगंतुकों का ह्रदय से आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में इसी तरह सामाजिक कार्य में सहयोग के लिए सभी से अपील किया। इस अवसर पर समित के पदाधिकारियों में सभाजीत यादव , डॉक्टर रजी अहमद , विनय कुमार गुप्ता,विजय कुमार मौर्य ,अनिल यादव दीपक श्रीवास्तव पत्रकार आदि लोग उपस्थित रहे।

## 28 मई को जुटेंगे पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एलुमनाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति कैम्प कार्यालय में पूर्वांचल एलुमनाई एसोसिएशन की बैठक कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इसमें 28 मई को पूर्वांचल के पुरातन छात्रों का एक सम्मेलन किया जाएगा जिसमें विभिन्न विभागों के पुरातन छात्र जो वर्तमान में देश विदेश में कार्यरत है उनके अनुभव और उनकी अपेक्षाओं को नैक मूल्यांकन के दृष्टिगत कराने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि पुरातन छात्रों से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को सीखने को तो मिलेगा ही जब कभी किसी साक्षात्कार में उनकी भेंट होगी तो अपने संस्था के प्रति उनका भाव जागृत होगा। इससे विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट की भी संभावना लगातार बढ़ेगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो राजेश शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा कुलपति के समक्ष रखा , महासचिव डॉ आशुतोष कुमार सिंह ने कार्यक्रम को विस्तारपूर्वक चर्चा




की। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डॉ रसिकेश ने कुलसचिव महेंद्र कुमार से इस निमित्त सहयोग राशि लेकर इसकी औपचारिक शुरुआत भी कर दी। कुलपति ने इस निमित्त निदेशकों/ संकायध्यक्षों / विभागध्यक्षों/ संयोजकों की एक अति आवश्यक बैठक दिनांक 20 मई को कुलपति सभागार में आयोजित की है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ रसिकेश ने किया।

# डा. पी सी विश्वकर्मा की अध्यक्षता में काव्य गोष्ठी आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रामेश्वर सिंह शिशु विहार जौनपुर के परिसर में कोशिश की मासिक काव्य गोष्ठी डा. पी सी विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जनार्दन अष्ठाना की वाणी वंदना के पश्चात प्रख्यात शायर अहमद निसार ने जब पढ़ा'मैं फरिश्ता तो नहीं हो सकता/मेरे हिस्से में खता आई है/तो श्रोताओं को संवेदित कर दिया। गिरीश जी का




मुक्तक'अपनी कोशिश है कि बुझते चराग जल जाए/आशावाद का संदेश दे गया। प्रखर जी की कविता/गजलों में हो रवानी तो हर वक्त ईद है/ एकता का संदेश दे गई। प्रो आर. एन. सिंह ने /आज नही तो कल निकलेगा हर मुश्किल का हल निकलेगा/सुनाकर मानवीय मूल्यों का आभास कराया। मुंबई से पधारे विनय शर्मा दीप ने अपने सवैया से मातृ भूमि की वंदना की। गोष्ठी में रामजीत मिश्र, आसिफ फरुखावावादी, संजय सागर, अमृत प्रकाश, सुशील दुबे, ओम् प्रकाश खरे, राजेश पांडे, फूल चंद भारती, रवींद्र शर्मा, कमल जी, आशुतोष पाल, आशिक जौनपुरी, समीर, उमेश मिश्र, शारदा दुबे, सी बी यादव , सोमेंद्र त्रिपाठी,शिव कुमार, रूपेश साथी ने काव्य पाठ से श्रोताओं को आह्लादित किया। मुख्य अतिथि दीप जी का कोशिश ने अंग वस्त्रम से सम्मान किया। संचालन अशोक मिश्र ने और आभार ज्ञापन डॉक्टर विमला सिंह जी ने किया।

## राज्य कर्मचारी एवं पेंशनर्स ने स्व. बी.यन. सिंह को दी श्रद्धांजलि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ0प्र0 शाखा जौनपुर एवं पेंशनर्स द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर्स भवन में स्व०वी०यन०सिंह पूर्व अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ0प्र0 की तेइसवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धान्जली सभा का आयोजन



किया गया।सभा की अध्यक्षता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव ने किया।सभा के पूर्व डा० प्रदीप कुमार सिंह अध्यक्ष संघर्ष समिति के नेतृत्व मे रक्तदान किया गया। सर्वप्रथम श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सी बी सिंह ने स्व०वी०यन०सिह के ब्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश कर्मचारियों को केन्द्र के समान महंगाई भत्ता, के लिए वर्ष1966,बेतन मान की समानता के लिए 1986एवं तृतीय चतुर्थश्रेणी कर्मचारियों को दो प्रोन्नत वेतनमान की सुविधा के लिए किए गए लम्बे संघर्ष को स्मरण करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प व्यक्त करते जय हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया। सभा अध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव ने सिंह साहब के नेतृत्व में जनपद पर किये गये संघर्ष का स्मरण करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लेते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर परिषद के बरिष्ठ उपाध्यक्ष ई0बेचन मिश्र जिला मंत्री चंद्रशेखर सिंह, सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अमर बहादुर यादव, अजयमौर्या, प्रमोद कुमार शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष जगंबहादुर यादव, के के तिवारी कंचन सिंह बीबी सिंह इंजीनियर ओपी प्रसाद अशोक मौर्य हीरालाल आजाद कृपाशंकर उपाध्याय शरद पटेल कोषागार अध्यक्ष दयाराम गुप्ता संजय तिवारी सूरज आदि भारी संख्या में कर्मचारी एवं पेंशनर उपस्थित रहे सभा का संचालन चंद्रशेखर सिंह ने किया।

## चमत्कारी जैन तीर्थ पद्मावती धाम खेकड़ा में किया माँ का गुणगान

बागपत पत्रकार विवेक जैन : खेकड़ा नगर के निर्भय एनक्लेव रेलवे स्टेशन स्थित जैन धर्म के प्रसिद्ध चमत्कारी जैन तीर्थ श्री 1008 पार्श्वनाथ धरणेन्द्र पद्मावती धाम में पद्मावती माता की धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ भक्ति आराधना की गयी। माँ की भक्ति आराधना में जनपद बागपत के साथ–साथ दिल्ली व आस–पास के विभिन्न जनपदों के सैकड़ों श्रद्धालुगणों ने शिरकत की। हिमांशु एण्ड़ पार्टी ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर सभी



को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रसिद्ध जैन संत गणिनी आर्यिका श्री 105 सरस्वती माताजी के सानिध्य में आयोजित हुई पद्मावती माता की भक्तिमय आराधना में स्व श्रीपाल चन्द व स्व केलावती जैन खेकड़ा वालों के पुत्र विपिन जैन व पुत्रवधु मंजू जैन ने अहम योगदान दिया और दक्ष जैन और मिष्टी जैन के साथ नमनकर्तता के दायित्व को पूरा किया। नमनकर्तता गाजियाबाद जनपद की राजनगर रेजीडेंसी के रहने वाले है और अपने परिवार, दोस्तों और रिश्तेदारों सहित जैन धर्म के इस प्रसिद्ध तीर्थ में माँ का आर्शीवाद प्राप्त करने के लिए पहुंचे थे। धाम मन्दिर समिति के मुख्य संयोजक सुनील कुमार जैन दिल्ली वालों ने माँ की भक्ति आराधना में आये समस्त श्रद्धालुगणों का धाम समिति की और से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर धाम समिति के अध्यक्ष शिखर चन्द जैन, उपाध्यक्ष जनेश्वर दयाल जैन, नरेश जैन, अंकुश जैन, अंकुर जैन, हिमांशु, प्रवीण, संजय, संदीप, अजेश, अंकुश, विपिन, रीना, संगीता, बबीता, मंजु, दीपा, नरेश चन्द, विपुल, विदित, सुनील, लक्की, तीर्थंकर चैनल से प्रवीण, पारस, सचिन, विकास, रूबी, नीलम, मीनाक्षी, मीनू जैन सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## आगामी कार्यक्रम की तैयारी के लिये अनुसचित मोर्चा की बैठक सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 30 मई को केंद्र सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी जून माह में भारतीय जनता पार्टी और उसके विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होना है। उसी क्रम में आज भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा की बैठक जिला कार्यालय पर जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा विमल कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में अनुसूचित मोर्चा के जिला प्रभारी तथा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंघानिया रहे। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओ से आगामी कार्यक्रम कैसे सम्पन्न होगी उसकी विस्तार से चर्चा की और मोदी जी के आठ वर्ष के कार्यकाल मे क्या क्या जनहित में कार्य किये उसको विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद बहुत किस्म से नेता हुए। कोई दलित नेता के नाम से जाना गया, कोई आदिवासी नेता के नाम से, कोई किसान नेता के नाम से जाना गया और कोई पिछड़े वर्ग के नेता के नाम से जाना गया। सभी लोगों ने अपनी छवि को उस नाम के साथ जोड़ते हुए जीवन में नेतृत्व किया, लेकिन किसान नेता कहलाने वाले से ज्यादा काम हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया दलित नेता के रूप में जाने गए नेताओं से भी ज्यादा काम दलित वर्ग के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने किया। उन्होंने कहा, हमें बड़ी खुशी है कि हमारे कार्यकर्ता आज भारत के राष्ट्रपति पद को सुशोभित कर रहे हैं, हमें बड़ी खुशी है कि अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले 4 लोग आज राज्यपाल पद को सुशोभित कर रहे हैं। जो नीतियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सबके लिए शुरू की हैं, उसमें भी सबसे ज्यादा लाभ अनुसूचित जाति के वर्ग को मिल रहा है क्योंकि वो पिछड़ रहे थे, उन्हें



साथ जोड़ने का काम प्रधानमंत्री जी ने किया है। उन्होंने कहा, हमारे 12 मंत्री अनुसूचित जाति से बने हैं इतनी बड़ी संख्या में केंद्रीय मंत्रिमंडल में इस वर्ग से मंत्री बनें हैं, तो वो नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में बनें हैं अनुसूचित जाति के विकास के लिए, उनकी पढ़ाई के लिए, उनको मुख्यधारा में लाने के लिए मोदी सरकार ने विशेष योजनाओं पर काम किया है। 2015 में समरसता दिवस मनाने का काम मोदी सरकार ने किया संविधान दिवस मनाने की शुरुआत मोदी सरकार ने की पंच तीर्थ को विकसित करने का काम मोदी सरकार ने किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार दलितों व वंचितों को मुख्यधारा से जोड़ने, संवैधानिक अधिकार, सामाजिक न्याय व सभी को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक का संचालन महामंत्री विजय गौतम ने किया। उक्त अवसर पर राजेश सरोज, निखिल सोनकर, संजय पासवान, अर्जुन पासवान, गोपाल गौतम, सतीश सोंग्स बिंद, लाल सरोज, रविचंद्र, नंदलाल गौतम, शैलेंद्र गौतम, उमेश सोनकर, संतोष सोनकर, लक्ष्मीनारायण कनौजिया आदि उपस्थित रहे।

## थाना खेतासराय पुलिस द्वारा गैंगस्टर में निरुद्ध व शातिर गोतस्कर की अवैध सम्पत्ति को धारा–14(1) गैगेस्टर एक्ट के तहत किया गया कुर्क

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा गैंगेस्टर एक्ट के तहत सम्पत्ति की जब्तीकरण हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज श्री अंकित कुमार एवं तहसीलदार महेंद्र प्रताप सिंह (प्रशासक )की उपस्थिति में थानाध्यक्ष खेतासराय श्री प्रकाश राय एवं प्रभारी निरीक्षक श्री सुधीर कुमार आर्य थाना शाहगंज मय टीम द्वारा मुअ0सं0–0019/2022 धारा–3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम में शातिर गोतस्कर 1. बबलू यादव उर्फ बृजेश यादव पुत्र रामबली यादव निवासी कोहड़ा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर द्वारा अवैध अर्जित धन से पैतृक जमीन पर अवैध रूप से बनाया गया 02 मकान व एक ट्रैक्टर, एक जैलौ गाड़ी ( अनुमानित कीमत 01 करोड 23 लाख रूपये ) 2. अखिलेश यादव पुत्र राम बचन यादव निवासी कोहड़ा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर द्वारा अवैध अर्जित धन से पैतृक जमीन पर अवैध रूप से बनाया गया एक मकान (अनुमानित कीमत 15 लाख रूपए) 3. अमित यादव पुत्र राजनाथ यादव निवासी कोहड़ा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर द्वारा अवैध अर्जित धन से पैतृक जमीन पर अवैध रूप से बनाया गया मकान (अनुमानित कीमत 15 लाख रुपए ) कुल कीमत करीब 01 करोड 53 लाख को धारा–14(1) गैगेस्टर एक्ट के तहत जिला मजिस्ट्रेट जौनपुर महोदय के आदेश संख्या 686, 692,693,694 दिनांक–12.05.2022 के क्रम में उक्त अर्जित संपत्ति/वाहन को जब्त किया गया। आपराधिक इतिहासः– 1.



बबलू यादव उर्फ बृजेश यादव पुत्र रामबली यादव। 1. मु0अ0सं0 116/2021 धारा 307,120ठ भादवि खेतासराय जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 117/2021 धारा 3ध्5 ।ß8 गोवध निवारण अधि0 11 पशुक्रुरता अधि0 व 120ठ भादवि खेतासराय जौनपुर। 3. मु0अ0सं0122/2016 धारा 147,323,506 भादवि सरपतहाँ जौनपुर। 4. मु0अ0सं019/2022 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्ट एक्ट खेतासराय जौनपुर। 2.अमित यादव पुत्र राजनाथ यादव 1. मु0अ0सं0116/2021 धारा 307,120ठ भादवि खेतासराय जौनपुर। 2. मु0अ0सं0117/2021 धारा 3ध्5 ।ß8 गोवध निवारण अधि0 11 पशुक्रुरता अधि0 व 120ठ भादवि खेतासराय जौनपुर। 3. मु0अ0सं019/2022 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्ट एक्ट खेतासराय जौनपुर। 3.अखिलेश यादव पुत्र राम बचन यादव 1. मु0अ0सं0116/2021 धारा 307,120ठ भादवि खेतासराय जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 117/2021 धारा 3ध्5 ।ß8 गोवध निवारण अधि0 11 पशुक्रुरता अधि0 व 120ठ भादवि खेतासराय जौनपुर। 3. मु0अ0सं0118/2021 धारा 3ध्25 आर्म्स एक्ट खेतासराय जौनपुर। 4. मु0अ0सं0342/2020 धारा 3ध्5 ।ß8 गोवध निवारण अधि0 11 पशुक्रुरता अधि0 बांसडीह बलिया। 5. मु0अ0सं0 343/2020 धारा 307 भादवि बांसडीह बलिया। 6. मु0अ0सं0354/2020 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट बांसडीह बलिया। 7. मु0अ0सं019/2022 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्ट एक्ट खेतासराय जौनपुर।

## थाना खेतासराय पुलिस द्वारा शातिर गोतस्कर माफिया अब्दुल सलाम द्वारा अपराध से अर्जित सम्पत्ति बोलेरो को किया गया कुर्क

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा गैंगेस्टर एक्ट के तहत सम्पत्ति की जब्तीकरण हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खेतासराय श्री प्रकाश राय द्वारा मु0अ0सं0–37/2021 धारा–3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधि0 में शातिर गोतस्कर माफिया अब्दुल सलाम पुत्र स्व0 मुस्लिम नि0 रानीमऊ थाना खेतासराय जनपद जौनपुर द्वारा अवैध अर्जित धन से सम्पत्ति 7700000 रूपये की कुर्क की जा चुकी है। पुनः आकलन करने पर अभि0 द्वारा क्रय की गयी बोलेरो UP62 AL 4787 (अनुमानित कीमत 12 लाख रूपये) को माननीय न्याया0 जिला मजिस्ट्रेट जौनपुर के आदेश दिनांक–12.05.2022 के क्रम में उक्त बोलेरो को जब्त किया गया । आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0स0–126/2016 धारा–3/5/8 गो0नि0 अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 थाना खुटहन जनपद जौनपुर । 2. मु0अ0स0–117/2016 धारा–147/148/307/308/323/336/504/506 भादवि व 7 सीएलए एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर । 3.मु0अ0स0–968/2016 धारा–147/323/504/506 भादवि थाना खेतासराय जनपद जौनपुर । 4.मु0अ0सं0–531/17 धारा–147/148/149/307/323/352/506 भादवि0 व 7 सीएलए एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 5.मु0अ0सं0–1871/2017 धारा–3/5/8 गो0नि0 अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 थाना खेतासराय जनपद जौनपुर । 6.मु0अ0सं0–242/2017 धारा–3/5 ।ß8 गो0नि0 अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 व 307 भादवि थाना खेतासराय जनपद जौनपुर । 7.



मु0अ0सं0–5/2018 धारा–307/427 भादवि थाना पवारा जनपद जौनपुर । 8.मु0अ0सं0–151/2020 धारा–3/5A/8 गोवध नि0 अधि0 व 11 पशू क्रूरता निवा0 अधि0 थाना खेतासराय जनपद जौनपुर । 9. मु0अ0स0–170/2016 धारा–3ध्5 ।ß8 गोवध नि0 अधि0 व 11 पशू क्रूरता निवा0 अधि0 थाना जयसिंहपुर जनपद सुल्तानपुर । 10.मु0अ0सं0–46/098 धारा–147/148/149/323/352/506/452/504 भादवि थाना खेतासराय । 11.मु0अ0सं0–217/2000 धारा–394/323/504 भादवि थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 12.मु0अ0सं0–118/2001 धारा 323/504/506 भादवि0 थाना खेतासराय जनपद जौनपुर । 13. मु0अ0सं0–93/21 धारा–406 भादवि थाना खेतासराय जनपद जौनपुर । 14.मु0अ0सं0–66/2022 धारा–3/5A/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम व 420, 467, 468 ,471 ,120 बी भादवि खेतासराय जनपद जौनपुर। 15. मु0अ0सं0–58/ 2022 धारा–3/5।/8 गोवध निवारण अधिनियम थाना खेतासराय जनपद जौनपुर।

# खाली पड़ी पाइप लाइन पेयजल योजना में शामिल गांवों की टंकियां के चलते भीषण गर्मी में ग्रामीण परेशान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के पाइप लाइन पेयजल योजना में शामिल किए गए गांवों में पानी की टंकियां तो बन गईं।लेकिन आपूर्ति आज तक नहीं शुरू हो सकी।सूत्र के मुताबिक इसके लिए सरकार ने 11 करोड़ 44 लाख रुपए निर्गत किए थे।जो अब भीषण गर्मी में ग्रामीणों के लिए यह पानी की टंकियां सफेद हाथी साबित हो रही हैं।वही इस संबंध में सीडीओ अनीता यादव ने इस सबंध में जल निगम से पूरा ब्यौरा तलब किया है। उन्होंने पत्र जारी कर शीघ्र आपूर्ति शुरू कराने के लिए निर्देश दिया है। पाइप लाइन पेयजल योजना वर्ष 2011 में जिले में लागू की गई थी। नौ ग्राम सभाओं को इसमें शामिल किया गया था। कार्यदायी संस्था जल निगम के सूत्रों और पिछले महीने जारी प्रगति रिपोर्ट के मुताबिक पूरा ब्लॉक के कुढ़ा केशवपुर, मिल्कीपुर में सोहावल सलोनी और हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के हरदोइया में ओवरहेड वाटर टैंक बनाने की स्वीकृति तो वर्ष 2010–11 में मिली थी। 2011–12 में इसी योजना में सोहावल में मंगलसी, तारुन में नन्सा, हैदरगंज, हैरिंग्टनगंज में जासरपुर (मोतीगंज), खंडासा में बवां और मिल्कीपुर के मंजनाई में टंकी लगाने को मंजूरी मिली।कई ग्राम सभाओं के लिए धन आवंटन के बाद किश्तें भी मिलीं। सूत्रों की मानें तो 11 करोड़ 44 लाख रुपये की इस परियोजना इन गांवों में टंकियां बना दी गई, लेकिन पाइप लाइन नहीं बिछी, जिससे आज तक आपूर्ति नहीं शुरू हो सकी। ग्रामीणों का कहना है कि इसमें ढिलाई बरतने से टंकी बनाए जाने का उद्देश्य बेमानी है। इस भीषण गर्मी में और संकट का सामना करना पड़ रहा है।

# फूलों से महकी राम जन्मभूमि कनक भवन व हनुमान गढ़ी : मां सरयू का पावन तट हुआ रोशन

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) रामनगरी में ज्येष्ठ अमावस्या के पर्व पर रामलला, कनक भवन व हनुमानगढ़ी सहित मां सरयू की भव्य फूल बंगला की झांकी सजी। इसमें देशी विदेशी फूलों से भगवान का भव्य श्रृंगार हुआ। इस झांकी के दर्शन कर श्रद्धालु व संत आनंद में डूब गए। भीषण गर्मी में जहां एक ओर इंसान और पशु– पक्षी भी परेशान हैं वहीं धार्मिक नगरी अयोध्या के मंदिरों में मानव के रूप में की जाने वाली भगवान की सेवा व पूजा की कड़ी में उन्हें भीषण गर्मी से राहत दिलाने के भव्य फूल बगंला की झांकी सजाई गई। झांकी में आरकेट गेंदा नींबू कलर गेंदा मोंगरा बेला रजनीगंधा गुलाब सहित सैकड़ों प्रकार के फूलों का प्रयोग किया गया। वृंदावन के जगद्गुरू पीपाद्धाराचार्य श्रीमहंत बलराम दास जी महाराज व उनके शिष्यों द्वारा दो दशकों से फूल बगंला की झांकी सजाकर अपने आराध्य की सेवा की जा रही है। रामलला हनुमानगढ़ी व कनक भवन में अपने आराध्य को फूलों के महल में दर्शन करने के लिए अयोध्या सहित आसपास के हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ रही।इस मौके पर जगद्गुरू पीपाद्धाराचार्य श्रीमहंत बलराम दास ने बताया कि यह हमारा भाव है कि भगवान को भी गर्मी लगती है। हम संत भगवान के सुख में ही खुद को सुखी महसूस करते है। उन्होंने कहा कि अपने ठाकुर जी को फूलों के महल में देखकर परम आनद की प्राप्ति हुई। रामजन्मभूमि परिसर में विराजमान भगवान श्री राम के मंदिर में मंगलवार शाम फूलबंगला की झांकी सजाई गई। पूरे मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया। भगवान रामलला को शीतलता प्रदान करने के लिए फूल बंगला की झांकी का आयोजन हुआ। मां सरयू के पावन तट को सजाकर दीपदान किया गया। आरती घाट को फूलों से सजाकर सरयू मां को फूलों के महल बनाकर विराजमान कराया गया। इसके बाद सौकड़ों बत्ती की महाआरती की गई।

# पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार पर लगाया मनमाना निर्णय लेने का आरोप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों से समाज का हर वर्ग त्रस्त है।इस समय महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सरकार मनमाना निर्णय लेकर जनता को परेशान कर रही है यह उचित नहीं है।यह बातें पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने लखनऊ से सिद्धार्थनगर जाते समय कार्यकर्ताओं के स्वागत के दौरान कही।उन्होंने कहा कि सपा कार्यकर्ता जनहित के कार्य करने में लगे हैं। प्रदेश सरकार की नीतियों और रीतियों से जनता परेशान है, लेकिन सपा कार्यकर्ता हर किसी की हर संभव मदद करने में जुटे रहे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रदेश का माहौल खराब किया जा रहा है यह उचित नहीं है। प्रदेश में सभी वर्गों के लोग प्रेम भाव के साथ रहें ऐसा माहौल बनाया जाना चाहिए। यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं को निराश होने की जरूरत नहीं है। मेहनत की बदौलत हम फिर सरकार बनाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री यादव का सोहावल टोल प्लाजा पर हाजी फिरोज खान गब्बर, एजाज अहमद, बूथ नंबर–चार पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, हामिद जाफर मीसम, बलराम यादव, राम अचल, शिव बरन यादव, अमृत राजपाल, पार्षद रिजवान हसनैन, आभास कृष्ण यादव, नंदू गुप्त, ध्रुव गुप्त, रक्षाराम यादव, अपर्णा जायसवाल, देवा श्रीवास्तव, गौरव पांडेय, शाहबाज लकी व अन्य कार्यकर्ताओं ने फूल–माला से स्वागत किया।

# अगले मार्च से राम नगरी के श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से उड़ाने हो सकती है प्रारंभ

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) प्रभु श्री राम की पावन नगरी में शुरू हो गया है श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण कार्य इसका निर्माण दो चरणों में होगा पहले चरण में 2250 मीटर लंबा एवं 45 मीटर चौड़ा रनवे निर्मित होगा दूसरे चरण में इसकी लंबाई बढ़ कर 3000 मीटर की जाएगी इन दोनों निर्माण कार्य में तेजी लाने की तैयारी पुख्ता की जा रही है बड़ी मात्रा में निर्माण सामग्री मोरंग गिट्टी आज की आपूर्ति हो रही है सामग्री को मिक्सिंग करने के लिए बड़ा बैचिंग प्लांट भी स्थापित किया जा चुका है इसी से गिट्टी मोरंग सीमेंट एवं अन्य निर्माण सामग्री को निर्धारित तापमान पद मिक्स कर रनवे डाला जाएगा कार्यदाई संस्था के अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही निर्माण कार्य में तेजी दिखेगी रनवे निर्माण के लिए आधारभूत कार्य किया जा रहा है जो निर्धारित समय पर पूरा किया जाना है कार्यदाई संस्था का कार्यालय तैयार किया गया है रनवे बेंगलुरु तथा टर्मिनल भवन फायर स्टेशन एवं ट्रैफिक कंट्रोल भवन दिल्ली की संस्था निर्मित करेगी श्रीराम एयरपोर्ट टर्मिनल का भवन का निर्माण राम मंदिर की तर्ज पर होना है इसके लिए प्रदेश सरकार का विमान पत्तन प्राधिकरण के बीच 317, 855 एकड़ भूमि का एग्रीमेंट पहले ही हो चुका है।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत छात्रों ने प्रभात फेरी निकालकर आमजन को किया जागरूक

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना ) तहसील सवायजपुर क्षेत्र के पाली नगर स्थित सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज के छात्र/छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के बच्चों ने नगर के मुख्य मार्गों से प्रभातफेरी निकालकर अपने हाँथों में तख्ती लेकर यातायात के नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया। आपको बता दें कि गुरुवार को विद्यालय परिसर प्रार्थना स्थल पर प्रधानाचार्य, अध्यापक व कर्मचारियों सहित सभी छात्ररुछात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित शपथ ली गई। साथ ही भूगोल प्रवक्ता विनोद प्रताप वर्मा व अरुण कुमार वर्मा द्वारा सभी छात्ररुछात्राओं व मौजूद अविभावकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं।विनोद प्रताप वर्मा ने बच्चों को सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया कि वर्तमान सरकार बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ –साथ सड़क सुरक्षा के प्रति भी संकल्पित है। कहा कि सभी को सड़क पर चलने के नियमों का पालन करना चाहिए। इससे दुर्घटनाओं की आशंका बहुत कम हो जाती है।प्रधानाचार्य डॉ वेदप्रकाश द्विवेदी ने सड़क सुरक्षा के तहत बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि जीवन अमूल्य है।इसलिए हमें सदैव सड़क पर चलते समय सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। उप प्रधानाचार्या विजेता आर्या ने कहा कि मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट जरूर लगायें।वाहन चलाते समय



जरूरी है कि खुद सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।कार चलाते समय सीटबेल्ट लगाना न भूलें।एक भूल बड़े हादसे का कारण बन सकती है। प्रभातफेरी का आयोजन व अगुवाई उप प्रधानाचार्या विजेता आर्या के नेतृत्व में अध्यापकों के सहयोग से प्रभातफेरी निकाली गई। छात्र/छात्राओं को बैनर ,तख्ती स्लोगन के जरिए आम लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्काउट प्रभारी विजय कुमार यादव, प्रीति देवी,मोहित यादव, अनिल कुमार यादव, अनूप कुमार, अभिलाष त्रिपाठी, आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# अखिलेश के बयान पर क्रोधित हुए संत और विहिप : जताया रोष

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव बुधवार की शाम को अयोध्या में कहा कि रात के अंधेरे में मूर्तियां रख दी गई थी। मंदिर तो कहीं भी बनाया जा सकता है कहीं भी पत्थर रख दो, लाल झंडा लगा दो, पीपल के पेड़ के नीचे और बन गया मंदिर। इस बयान के आने के बाद अयोध्या के संत –धर्माचार्य और विश्व हिंदू परिषद (विहिप )क्रोधित है। सब ने कहा है कि अखिलेश यादव केवल एक धर्म विशेष को प्रसन्न करने के लिए अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं। जबकि वह नहीं जानते तुष्टीकरण की हांडी बार–बार नहीं चढ़ती है। अब वे सत्ता का मोह छोड़ दे। विहिप के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने कहा अखिलेश यादव भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। अब दुबारा राम जन्मभूमि पर बाबरी मस्जिद खड़ी नहीं होगी और ना काशी मथुरा को मुक्त होने से अखिलेश यादव रोक पाएंगे। उन्होंने कहा सत्ता पाने के लिए इस प्रकार के बयान दिए जा रहे हैं। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा इनके पिता और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने अयोध्या में गोली और चलवाई राम भक्तों की हत्या कराई। इन्होंने राम मंदिर के निर्माण में आ रहे पत्थरों को रोक दिया था, 84 कोसी परिक्रमा पर प्रतिबंध लगा दिया, संतो को जेल भेज कर प्रताड़ित किए और अयोध्या में चल रही अनवरत रामलीला को बंद कराकर सैफई में ठुमके लगवाने का काम इन्होंने ही किया। रामलला जब प्रकट हुए तब अखिलेश यादव का जन्म भी नहीं हुआ था वहीं प्रसिद्ध कथा वाचक प्रभंजनानंद शरण ने कहा श्री राम लला जब प्रकट हुए थे तो अखिलेश यादव का जन्म भी नहीं हुआ था। उन्हें नहीं पता कि भगवान जब 1949 में प्रकट हुए तब इस बात की जानकारी सबसे पहले एक मुस्लिम चौकीदार ने दी थी। राम कचहरी चारों धाम के महंत शशिकांत दास ने कहा सनातन धर्म के लोग कण–कण में भगवान को देखते हैं और धरती पर उगे वृक्षों की पूजा करते हैं।हिंदू समाज मानता है कि वृक्षों में भी भगवान का वास होता है। कहा अखिलेश यादव की बुद्धि भ्रष्ट हो गई है। इसलिए वे अनाप–शनाप बयान दे रहे हैं। हनुमानगढ़ी अखाड़े के मुख्य पुजारी रमेश दास ने कहा चुनाव के समय इन्हीं देवी देवताओं को वह मंदिर–मंदिर जा कर पूजते थे और चंदन लगाकर घूमते थे। चुनाव खत्म होते ही मंदिर और देवी देवता उन्हें खराब लगने लगे। अगर वे भगवान पर भरोसा नहीं करते हैं तो अयोध्या में दर्शन क्यों किए।

# "जवाहर नवोदय विद्यालय मड़ियाहूँ जौनपुर" में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के एक्शन प्लान 2022–23 के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर एम0 पी0 सिंह की अनुमति से "अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिनियम, लैंगिक समानता, बालकों के अधिकार, पाक्सो अधिनियम, शिक्षा का अधिकार एवं पशु क्रूरता एवं पशुओं की सुरक्षा" विषयक पर सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर श्रीमती शिवानी रावत की अध्यक्षता में 19 मई 2022 को "जवाहर नवोदय विद्यालय मड़ियाहूँ जौनपुर" में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर श्रीमती शिवानी रावत विधिक जागरूकता शिविर को सम्बोधित करते हुए छात्रों को संविधान में उल्लिखित मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में बताया गया। जागरूकता शिविर में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अधिनियम के उद्देश्यों एवं सुरक्षात्मक प्रावधानों को बताया गया साथ ही साथ लैंगिक समानता बालकों के अधिकार जिसमें विशेषरूप से बालिकाओं को समान शिक्षा का अधिकार, पाक्सो अधिनियम के प्रावधानों के बारे में बताया गया। बाल अधिकारों की जानकारी प्रदान कराते हुए बताया कि बाल अधिकार बालश्रम और बाल दुर्व्यवहार की खिलाफत करता है जिससे वो अपने बचपन, जीवन और विकास के अधिकार को प्राप्त कर सकें। दुर्व्यवहार, गैर व्यापार और हिंसा के पीड़ित बनने के बजाय बच्चों की सुरक्षा और देखभाल होनी चाहिये उन्हे अच्छी शिक्षा, मनोरंजन, खुशी और सीख मिलनी चाहिये। वर्ष 2002 में संविधान के संशोधन द्वारा अनुच्छेद–21ए के भाग–3 द्वारा 6–14 आयु तक के सभी




बच्चों को मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त उपस्थित छात्रों उपस्थित छात्रों को पारिस्थितिकी तंत्र एवं पशुओं की उपयोगिता एवं पशुओं की सुरक्षा के विषय पर भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार मड़ियाहूँ अमित कुमार त्रिपाठी द्वारा बाल अधिकार के तहत जीवन का अधिकार, पहचान, भोजन, पोषण और स्वास्थ्य, विकास, शिक्षा और मनोरंजन, नाम और राष्ट्रीयता, परिवार और पारिवारिक पर्यावरण, उपेक्षा से सुरक्षा, बदसलूकी, दुर्व्यवहार, बच्चों का गैर–कानूनी व्यापार आदि शामिल है। तहसीलदार द्वारा तहसील स्तर से संचालित राज्य की योजनाओं एवं उनका लाभ प्राप्त करने के बावत विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। पैनल अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार यादव द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोगों को प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे बताया तथा बच्चों के शिक्षा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करायी गयी। इस अवसर पर प्राचार्य बालकृष्ण, उप प्राचार्य आर0के0 सिंह, डा0 काशी प्रसाद, रामदुलार, अरविन्द शुक्ल, संजीव पाण्डेय, साधना विश्वकर्मा, अर्चना शर्मा, पुष्पा श्रीवास्तव, मीना, मालती देवी, गरिमा राय व अन्य अध्यापकगण, बच्चे एवं ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे। शिविर का संचालन आशीष त्रिपाठी द्वारा किया गया।

## केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर 30 मई से 15 जून तक पार्टी मनाएगी "8 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण" कार्यक्रम

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना ) गंगा नगर कॉलोनी स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आयोजित जिला बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी प्रकाश पाल ने बताया मोदी सरकार गरीब शोषित वंचित अनुसूचित जाति एवं पिछड़ों के कल्याण के प्रति सदैव समर्पित है। 30 मई को केंद्र सरकार के 8 वर्ष पूरे हो रहे हैं इन वर्षों में जहां एक ओर कई ऐतिहासिक निर्णय देश हित में लिए गए हैं वही अंत्योदय के लक्ष्य की प्राप्ति की ओर अग्रसर होते हुए देश विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूते हुए निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है। जिला प्रभारी ने कहा प्रदेश स्तर पर केंद्र के 8 वर्ष पूर्ण होने पर रिपोर्ट टू नेशन कार्यक्रम के तहत सरकार के 8 वर्षों की उपलब्धियों की पुस्तिका का विमोचन होगा तत्पश्चात 2 या 3 जून में जिला प्रभारी जिला अध्यक्ष द्वारा जिले पर रिपोर्ट टू नेशन कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में सरकार की उज्जवला, प्रधानमंत्री आवास, जनधन, किसान सम्मान, सौभाग्य, आयुष्मान आदि प्रमुख 10 योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। प्रकाश पाल ने बताया 1 से 14 जून के मध्य पार्टी ने वृहद बूथ संपर्क अभियान की रूपरेखा भी बनाई है जिसके अंतर्गत सांसद विधायक एमएलसी अन्य जनप्रतिनिधि प्रदेश क्षेत्र जिला मंडल के सभी पदाधिकारी प्रत्येक दिन 8 घंटे किसी एक बूथ पर जनसंपर्क करेंगे। 7 से 13 जून के मध्य युवा मोर्चा द्वारा तीन दिवसीय विकास तीर्थ बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा रैली प्रत्येक विधानसभा में राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई विकास परियोजनाओं के स्थल तक जाएगी। 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को प्रत्येक मंडल पर कार्यकर्ताओं द्वारा योगा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही स्थानीय निकाय चुनाव हेतु विस्तृत कार्य




योजना बनाकर चुनाव पूर्व की तैयारियां संपन्न की जाएंगी। जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने बैठक में आए सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त कर बैठक का समापन किया। बैठक में प्रमुख रूप से आबकारी एवं मद्य निषेध राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल मिश्रिख सांसद अशोक रावत जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू गोपामऊ विधायक श्याम प्रकाश एमएलसी अशोक अग्रवाल अनुसूचित मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री पीके वर्मा क्षेत्रीय संयोजक सोशल मीडिया आयुष बाजपेई नगर पालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्र मधुर पूर्व अध्यक्ष उमेश अग्रवाल सांडी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश गुप्त माधौगंज नगर पंचायत अध्यक्ष अनुराग मिश्र जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री कर्मवीर सिंह चौहान एस पी मौर्या संदीप सिंह प्रीतेश दीक्षित संजय सिंह विनोद राठौर श्रवण कनौजिया जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन अनुराग मिश्र इंजीनियर ओम वर्मा सत्येंद्र राजपूत जिला मंत्री अविनाश पांडे बागीश सिंह अजय शुक्ला कोषाध्यक्ष डॉ अनुज गुप्ता मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी कार्यालय मंत्री अतुल सिंह आईटी संयोजक सौरभ सिंह गौर सोशल मीडिया संयोजक प्रद्युम्न मिश्रा सहित मोर्चा अध्यक्ष गण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# जमीन बंटवारे को लेकर हुए विवाद में चार का चालान

अयोध्या।(डाक्टर आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता)जिले के मवई थाना क्षेत्र के एक गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में सूत्र के मुताबिक एक व्यक्ति ने अपने भाई की जमकर पिटाई कर दी।वही पीड़ित भाई की तहरीर पर पुलिस ने एक पक्ष के चार लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग की आशंका में धारा 151 के तहत चालान कर दिया।प्रभारी निरीक्षक मवई नीरज सिंह ने बताया कि ग्राम मवई में दो सगे भाइयों जमील पुत्र खलील तथा नसीर पुत्र खलील के बीच जमीन बंटवारे को लेकर विवाद हो गया।नसीर अहमद ने अपने तीन लड़कों को साथ लेकर अपने भाई जमील की पिटाई कर दी।जमील ने मवई थाना पहुंच कर अपने भाई व उनके तीन लड़कों के विरुद्ध तहरीर दी।उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह ने आरोपी नसीर अहमद व उनके तीन लड़कों को गिरफ्तार कर थाने ले आये।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि नसीर अहमद व उनके लड़के नसीम अहमद,अली अहमद,व सादाब अहमद को शांति भंग की धारा में चालान कर दिया गया।

# रंगदारी मागने वाला हिस्ट्रीशीटर हुआ गिरफ्तार

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के अनुपालन मेअपराध एवं अपराधियो के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर एवं क्षेत्राधिकारी बीकापुर सत्येन्द्र भूषण तिवारी के पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक बीकापुर के कुशल नेतृत्व मे एंव मुखबिर के सूचना पर रंगदारी मागने के आरोप मे वाछित चल रहे अभियुक्त अवतंश तिवारी उर्फ सिक्कू तिवारी पुत्र श्लोक प्रसाद तिवारी निवासी मलेथू कनक थाना को0 बीकापुर जनपद अयोध्या को वाहन सख्या यू0पी 032 के0 यू0 9091 टाटा हैरियर गाङी के साथ खजुरहट चौराहे के पास से समय 11.05 बजे हिरासत पुलिस मे लिया गया। अभियुक्त अवतंश तिवारी उपरोक्त थाना स्थानीय का मजारिया हिस्ट्रीशीटर है जिसके ऊपर पूर्व से ही आधा दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है । अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## पौधरोपण की तैयारियो का जायजा लेने अयोध्या पहुंचे वन पर्यावरण एवं जल उत्थान मंत्री

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले में पौधरोपण की तैयारियो का जायजा लेने अयोध्या पहुंचे वन पर्यावरण एवं जल उत्थान मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा कि।वन विभाग द्वारा 90: पेड़ सुरक्षित लगाये जाये।जिस पर वन विभाग पेड़ों की रखवाली कर रहा है। वही बैठक में मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा इस समय केवल 10: ही पेड़ सुरक्षित है।जिसके चलते दोनों के बयानों में विरोधाभास रहा।इस बैठक के दौरान ही वन मंत्री अरुण सक्सेना और जिला अध्यक्ष संजीव सिंह बोले।इस मौके पर वन मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा कि पेड़ कम काटे जाएं लगाए ज्यादा जाएं।मजबूरी में ही पेड़ काटे जाएं।वन विभाग को निर्देश दिये।पेड़ ना काटे जाएं पेड़ का किया जाए ट्रांसप्लांटेशन पेड़ को काटने के बजाय पेड़ को उठाकर दूसरी जगह रखा जाए।भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा केवल रिकॉर्ड बनाने के लिए होते पौधरोपण होते है। वन विभाग पेड़ों की सुरक्षा नहीं करता।

## लगभग 2 दिन का परित्यक्त नवजात शिशु मिला : इलाज के लिये लखनऊ रेफर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)सूत्र के मुताबिक लगभग 2 दिन का परित्यक्त नवजात शिशु महताब बाग चौकी साहबगंज कोतवाली नगर इलाके में मिला जिसको जिला चिकित्सालय में भर्ती कराकर उप निरीक्षक अविनाश सिंह ने तत्काल सर्वेश अवस्थी अध्यक्ष न्यायपीठ बाल कल्याण समिति को दी।जिस पर उन्होंने त्वरित कार्यवाही करते हुए सीएमओ व सीएमएस वार्ता करके शिशु के उचित देखभाल हेतु कहा किंतु शिशु की गंभीर हालत होने व जिले में नवजात शिशु हेतु वेंटिलेटर की व्यवस्था न होने पर उसे केजीएमयू लखनऊ रेफेर कराया व सदस्यगण स्मृता तिवारी,लल्लन प्रसाद अम्बेश व सिद्धार्थ तिवारी के साथ अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी द्वारा लीलावती मुंशी दत्तक ग्रहण केंद्र लखनऊ को शिशु के संरक्षण व उचित देखभाल हेतु निर्देशित किया।वही इस मौके पर अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी द्वारा यह भी अपील की गई कि इस प्रकार के अवाँछित शिशु को ऐसी जगह न छोड़ें जहाँ की उसको उसकी जान का खतरा बन जाये, ऐसे लोग चाइल्ड लाइन 1098 या सम्बंधित थाना या मेरे नंबर 9336611885 सूचित कर सकते हैं उनका नाम पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।